मूल्य – 5 रु.

# तारांशु

मासिक

मई – जून 2025
वर्ष 11, अंक 1, पृ.सं. 20



## "एक नई शुरुआत, एक नई आशा"

तारा संस्थान द्वारा लोनी, गाजियाबाद में संचालित **उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल** का उद्घाटन करते **डॉ जे.पी. शर्मा जी, श्रीमती इला जी – श्री अनिल जी गोयल, श्री सत्यभूषण जी जैन, श्री अतुल जी गर्ग (सांसद, गाजियाबाद)**





+91 9549399993, +91 9649399993



## ''आनन्द वृद्धाश्रमों हेतु भविष्य निधि योजना''

तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की निरंतर भोजन सेवा, चिकित्सा हेतु भविष्य निधि ( Corpus Fund ) में सहयोग देवें।

| | | |
|---|---|---|
| **वृद्धजन सहयोगी "शांति"**<br>**रु. 1,00,000/-** | **वृद्धजन सहयोगी "शक्ति"**<br>**रु. 51,000/-** | **वृद्धजन सहयोगी "आस्था"**<br>**रु. 21,000/-** |

आपके सहयोग की ब्याज राशि से वृद्धाश्रम के कार्य चलायमान रहेंगे।

| | |
|---|---|
| **आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग)**<br>**1 वर्ष - 60000 रु., 6 माह - 30000 रु., 1 माह - 5000 रु.** | **वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन**<br>**4000 रु. (एक समय / प्रतियूनिट)** |

## काशी में कराएँ गरीबों को भोजन


संस्थान द्वारा गरीबों में भोजन वितरण करते हुए

कहते हैं कि भूखे को भोजन करवाकर न सिर्फ मन वरन् अंतरात्मा भी संतृप्त होती है। आप भी **रु. 2100/- दान देकर** 50 निर्धन लोगों की क्षुधा शांत कर काशी विश्वनाथ की धरा वाराणसी में पुण्य लाभ कमा सकते हैं।



हर छोटा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है

''तारा संस्थान, उदयपुर'' राजस्थान रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र क्रमांक : 31/उदयपुर/2009-10 दिनांक 25 जून, 2009 द्वारा पंजीकृत है।

आशीर्वाद :
डॉ. कैलाश 'मानव'
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान ( ट्रस्ट ), उदयपुर

आभार :
श्रीमती पुष्पा - श्री एन.पी. भार्गव
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

डॉ. जे.पी. शर्मा
परम विशिष्ट संरक्षक, तारा संस्थान
शिक्षाविद् व समाजसेवी, दिल्ली

संरक्षक मण्डल :

श्रीमती सुषमा - श्री सत्यभूषण जैन
दिल्ली

श्रीमती सुमन - श्री अनिल गुप्ता (ISKCON)
दिल्ली

श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा
दिल्ली

श्रीमती प्रेम निझावन
दिल्ली

श्रीमती लता - श्री लक्ष्मण दास भाटिया
मुम्बई

श्री ओ.सी. जैन
रतलाम ( म.प्र. )

श्री एस.एन. गोयल ( एडवोकेट )
दिल्ली

श्री प्रेम सागर गुप्ता
मुम्बई

श्रीमती इला - श्री अनिल गोयल
दिल्ली

श्रीमती राजरानी - ( स्व. ) श्री राजेन्द्र कुमार जैन
दिल्ली

प्रकाशक एवं सम्पादक :
कल्पना गोयल

दिग्दर्शक :
दीपेश मित्तल

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर :
गौरव अग्रवाल

तारांशु - वर्ष 11, अंक - 1, मई - जून 2025

## अनुक्रमणिका

विषय — पृष्ठ संख्या

योजनाएँ ........ 02
अनुक्रमणिका ........ 03
लेख : एक माँ का स्वपन - उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल ........ 04-05
उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल में नए सत्र की शुरुआत ........ 06
विधवा मासिक पेंशन योजना / अन्नदान योजना ........ 07
तारा नेत्रालय ........ 08
''मस्ती की पाठशाला'' सपनों की किताब में संजय का पहला पन्ना ........ 09
उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल - लोनी ( गाजियाबाद ) ........ 10
वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण की ओर एक प्रभावी कदम ........ 11
योग से जीवन में नवचेतना - आनन्द वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ........ 12
न्यूज़ इन ब्रीफ ........ 13-15
नेत्रालय मासिक अपडेट्स / पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना / हार्दिक श्रद्धांजलि ........ 16
अभिनन्दन ........ 17-18
संपर्क सूत्र - तारा संस्थान ........ 19

**आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर**



**श्रीमती कल्पना गोयल (दाएं) अपने पूज्य माता पिता डॉ. कैलाश "मानव" तथा श्रीमती कमला देवी अग्रवाल की सानिध्य में...**

'तारांशु' – स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240–ए, हिरण मगरी, सेक्टर – 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच – III, उ‌‌ ्योग केन्द्र एक्टेंशन – II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक – श्रीमती कल्पना गोयल

## एक माँ का स्वपन...

# उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल



तारा संस्थान को शुरू हुए 14 साल हो गए मुझे याद है कि प्रारम्भ के कुछ दिनों में एक छोटी सी लड़की मेरे पास आई थी उसके पति की मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी एक बच्चा का 6 माह था। उनके समाज में विधवा विवाह नहीं होता था और ग्रामीण अंचल में थोड़ी रूढ़ियाँ अभी भी है सो पुनर्विवाह असंभव था। उसके ससुराल वाले भी उसका साथ नहीं देते थे और पीहर वाले गरीब थे। उसे अपने बच्चे की मूल आवश्यकताओं के लिए थोड़े पैसे चाहिए थे। मैं भी महिला हूँ सो महिलाओं का दर्द खूब समझ आता है सो उसे 2000 रु. महीना देना शुरू किया और शुरू हुई गौरी योजना। उसके बाद से कई कम उम्र की विधवा व परित्यकता महिलाओं को 1000 रु. या इसका दोगुना तक दिया जाने लगा।

फिर एक बार एक कार्यक्रम में हमारे मुख्य संरक्षक से ये महिलाएँ मिली तो दुःख और तकलीफों से सराबोर अधिकतर महिलाओं ने बताया कि हमारा दर्द तो हम सह लेंगे पर आप ऐसा कुछ करो कि हमारे बच्चों का भविष्य सुधर जाए। वैसे तारा संस्थान के संदर्भ से देखें तो कैसी विडम्बना है कि एक तरफ एक माँ है जो बच्चों के भविष्य को जीवन लक्ष्य बनाना चाहती है और साथ ही वृद्धाश्रम में न जाने कितनी माँ है जिनके बच्चों ने उन्हें घर से निकाल दिया लेकिन क्या करें।

उन अकेली माँओं के लिए रास्ता निकाला तारा के मुख्य संरक्षक श्री एन.पी. भार्गव साहब ने और शुरू हुआ शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल जहाँ अकेली माताओं के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा थी।

तारा संस्थान के संरक्षक आदरणीय श्री जे.पी. शर्मा साहब जिन्होंने लोनी में पण्डित मुंशीलाल जी एवं स्व. श्रीमती द्रौपदी देवी की पावन स्मृति में तारा नेत्रालय बनवाया, ने एक पेशकश की कि लोनी जो कि अति पिछड़ा क्षेत्र है यहाँ भी संस्थान एक स्कूल खोले जहाँ अकेली माँओं के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा सके तो हमें भी ऐसा लगा कि इस क्षेत्र मे यदि ऐसा स्कूल खुल जाए तो यहाँ के बच्चों का भविष्य संवर सकता है। श्री शर्मा सा. ने सहृदयता से एक प्लॉट का दान दिया साथ ही विद्यालय निर्माण हेतु कुछ दान भी। उनकी इस पहल को आप जैसे अनेकों दानदाताओं ने आगे बढ़ाया, और फिर भवन को अपनी माताजी का नाम दिया दिल्ली के ही श्री अनिल जी, श्रीमती इला जी गोयल ने। इस तरह लोनी में प्रारम्भ हुआ ''उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल'' जिसका उद्घाटन 20 अप्रैल, 2025 को हुआ।

P.T.O.



हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी



मुझे ये तो पता था कि यह स्कूल इस क्षेत्र के बच्चों के लिए लाभदायक होगा लेकिन कभी–कभी लगातार काम करते हुए कुछ चीजे Routine सी हो जाती है सो बस ये भान था कि कुछ अच्छा होगा। मेरे इस Routine को भंग किया आरती ने, कुछ 30–35 साल की दुबली पतली सी महिला स्कूल में बाई का काम कर रही थी उसकी आँखों में जो धन्यवाद के भाव थे उससे थोड़ी उत्सुकता हुई और उससे बात हुई। 6–7 माह पहले उसके पति की एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी उस समय वो 7 माह की Pregnant थी और उसके पहले से ही 3 बेटियाँ थी। स्कूल में Peon रूप में लगने से पहले वो घरों में झांडू–पोछा लगाती थी। उसकी तीनों बेटियों का एडमिशन बिना फीस के ''उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल'' में हो गया था और वो इस बात से बेहद खुश थी। मुझे आश्चर्य हो रहा था कि उसकी जिस अवस्था को सोच कर मैं सदमे में थी वो उसमें रहकर भी आराम से काम कर रही थी। कभी–कभी लगता है कि गरीब लोग रोजी–रोटी, बच्चों की परवरिश और खुद को बनाए रखने की जद्दो जहद में इतना व्यस्त हो जाते है कि उन्हें गम करने का समय ही नहीं मिलता। मैं मन ही मन ईश्वर को धन्यवाद कर रही थी कि उन्होंने मुझे माध्यम बनाया कि कुछ लोगों की तकलीफ कम करने का अवसर तो मुझे दिया।

यह लेख लिखे जाने तक ''उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल'' में 120 से ज्यादा बच्चों ने एडमिशन ले लिया है जिनमें 40 प्रतिशत एकल माताओं के बच्चे हैं और पूर्णतया निःशुल्क पढ़ रहे है।

मैं विशेष धन्यवाद आदरणीय श्री जे.पी. शर्मा साहब और अनिल जी – इला जी गोयल को भी देना चाहूँगी जिनके कारण यह स्कूल बन पाया जहाँ कुछ ऐसी माँएं सुकून में होगी जिनकी आँखें अपने बच्चों की आँखों से अपने सपनों को पूरा होते देखना चाहेगी।

आदर सहित...

**- कल्पना गोयल**

# उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल में नए सत्र की शुरुआत!

तारा संस्थान द्वारा लोनी, गाजियाबाद में संचालित उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। एकल महिलाओं के बच्चों के लिए निःशुल्क और निर्धन वर्ग के बच्चों के लिए कम शुल्क पर दाखिले शुरू हैं। यह स्कूल आधुनिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ वंचित वर्गों को सशक्त बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।












# संघर्ष की दीवार पर टिकी उम्मीद



कभी–कभी जीवन इतनी कठिन परीक्षा लेता है कि शब्द भी कम पड़ जाते हैं और आँसू भी हल्का नहीं कर पाते उस दर्द को, जिसे कोई महिला अकेले अपने कंधों पर ढो रही होती है। ऐसी ही एक साहसी महिला हैं ममता, उम्र मात्र 37 वर्ष, लेकिन ज़िंदगी ने उन्हें जैसे कई जन्मों का अनुभव दे दिया है। ममता जी के पति की अचानक एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। जब हादसा हुआ, तब उनके तीनों बच्चों की उम्र केवल 11 वर्ष, 9 वर्ष और 2 वर्ष थी। एक पत्नी के रूप में ममता जी ने अपने पति को बचाने की हर संभव कोशिश की – अपने गहने बेचे, सारी जमा पूंजी खर्च कर दी, लेकिन नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था, न पैसा बचा और न ही पति। अब उनके पास केवल तीन मासूम बेटियां, बूढ़े सास–ससुर, और हौसले की चट्टान जैसी जिम्मेदारियां बची हैं। एक तरफ बेटियों की परवरिश और शिक्षा की चिंता, दूसरी तरफ सास–ससुर की देखभाल का दायित्व और सबसे बड़ी बात, इन सबके बीच खुद को संभालना। आज ममता जी किसी भी काम पर इसलिए नहीं जा सकतीं क्योंकि उनकी दो साल की बेटी को अभी माँ की सबसे ज्यादा ज़रूरत है। दिन का हर लम्हा चुनौतियों से भरा है, लेकिन वे डगमगाई नहीं हैं। उनके चेहरे पर कोई शिकवा नहीं, बस आँखों में अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का सपना है। तारा संस्थान इस संघर्ष को समझता है और मानता है कि ऐसी माताओं को सिर्फ सहानुभूति नहीं, सहयोग चाहिए। यह कहानी सिर्फ ममता की नहीं है, यह उन हजारों महिलाओं की कहानी है जो अपने टूटे हुए सपनों को जोड़कर बच्चों के लिए एक नई सुबह बुन रही हैं। अगर हम साथ चलें, तो शायद ममता जैसी कई महिलाओं के कंधों से थोड़ा बोझ कम हो जाए और यही सच्ची सेवा है।

**विधवा मासिक पेंशन (गौरी) योजना सहायता: प्रति विधवा 1 वर्ष - 12000 रु., 6 माह - 6000 रु., 1 माह - 1000 रु.**

# एक पत्नी और माँ की अनकही कहानी



ममता, एक ऐसी महिला हैं, जिनके कंधों पर न सिर्फ परिवार की जिम्मेदारी है, बल्कि जीवन की हर मुश्किल को मुस्कुराकर सहने का साहस भी। अपने पति और बेटे के साथ एक छोटे से घर में रहने वाली ममता की जिंदगी उस वक्त थम सी गई, जब उनके पति को लकवे ने जकड़ लिया। एक समय था, जब पति की मेहनत से घर का चूल्हा जलता था, लेकिन अब वह बिस्तर पर हैं, न काम कर सकते हैं, न चल–फिर सकते हैं। ममता दिन–रात उनकी सेवा करती हैं, दवा से लेकर खाना खिलाने तक, हर छोटी–बड़ी जरूरत का ध्यान रखती हैं। उनका बेटा, जो अब बड़ा हो चुका है, घर के किसी काम में हाथ नहीं बंटाता। ममता की आँखों में कभी–कभी एक मूक शिकायत तैरती है, पर वह उसे भी दिल में दबा लेती हैं। पति की देखभाल की जिम्मेदारी के चलते ममता बाहर जाकर काम नहीं कर सकतीं। घर का खर्च चलाना हर दिन एक नई चुनौती बन गया है। कई रातें ऐसी बीतीं, जब ममता ने भूखे पेट ही रखकर अपने पति और बेटे को सुलाया, और खुद चुपके से आँसू बहाए। लेकिन कहते हैं न, अंधेरे के बाद ही सवेरा होता है। ममता की जिंदगी में यह सवेरा तारा संस्थान के रूप में आया। संस्थान की राशन सहायता योजना ने उनके घर में एक नई उम्मीद की लौ जलाई। हर महीने मिलने वाला राशन, आटा, चावल, दाल, तेल, ममता के लिए सिर्फ भोजन की सामग्री नहीं, बल्कि उनके परिवार के लिए जीवन का आधार है। यह मदद उनके चूल्हे को जलाए रखती है, और ममता को यह भरोसा देती है कि उनका परिवार भूखा नहीं सोएगा। ममता की काँपती आवाज़ में आभार झलकता है जब वे कहती हैं, "तारा संस्थान ने मेरे घर को सिर्फ राशन नहीं, बल्कि जीने की वजह दी है।" हर सुबह, जब ममता अपने पति को खाना खिलाती हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान देखती हैं, उन्हें लगता है कि उनकी सारी मेहनत सार्थक है। वह अपने बेटे से कभी–कभी मन ही मन कहती हैं, "एक दिन तुम भी समझोगे, बेटा, कि माँ ने तुम्हारे लिए क्या–क्या किया।" ममता की आँखें नम हो जाती हैं, लेकिन वह हार नहीं मानतीं। रात को, जब घर शांत हो जाता है, ममता अपने पति का हाथ थामकर चुपके से प्रार्थना करती हैं, "बस, मेरे परिवार को इतनी ताकत दे कि हम साथ रहें, और कुछ नहीं चाहिए।" ममता की कहानी हर उस इंसान की कहानी है, जो मुश्किलों के पहाड़ तले भी टूटता नहीं, बल्कि हर बार और मजबूती से उठ खड़ा होता है। तारा संस्थान की यह छोटी सी मदद ममता के लिए एक बड़ा सहारा है, एक ऐसा सहारा, जो उनके घर में न सिर्फ भोजन लाता है, बल्कि उनके दिल में उम्मीद की लौ भी जलाए रखता है। ममता का साहस और तारा संस्थान का साथ मिलकर एक ऐसी कहानी रच रहे हैं, जो हर दिल को छूती है और सिखाती है कि प्यार, समर्पण, और थोड़ा सा सहारा मिल जाए, तो कोई भी तूफान रास्ता नहीं रोक सकता।

**अन्नदान योजना (तृप्ति) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता: 1 वर्ष - 18000 रु., 6 माह - 9000 रु., 1 माह - 1500 रु.**




## सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के लिए निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर

तारा संस्थान ने उदयपुर के सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के लिए एक निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया। शिविर में सभी कर्मचारियों की आँखों की जाँच की गई। विशेषज्ञों ने परामर्श के आधार पर जरूरतमंद कर्मचारियों को नज़र के चश्मे और दवाइयाँ प्रदान कीं। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल और नेत्र जागरूकता को बढ़ावा देना था।




**नेत्र चिकित्सा सेवा (मोतियाबिन्द ऑपरेशन):**
**17 ऑपरेशन 59500 रु., 9 ऑपरेशन 31500 रु., 6 ऑपरेशन 21000 रु., 3 ऑपरेशन 10500 रु., 1 ऑपरेशन 3500 रु.**

# सपनों की किताब में संजय का पहला पन्ना



संजय, एक 11 साल का नन्हा सितारा, जिसके सपनों की उड़ान उसके पिता के दृढ़ संकल्प से और भी ऊंची हो रही है। संजय के पिता, जो सब्जी मंडी में दिन–रात मेहनत करते हैं, अनपढ़ हैं, लेकिन उनके दिल में अपने बेटे के लिए एक बड़ा सपना है। वे नहीं चाहते कि संजय उनकी तरह मंडी की धूल–मिट्टी में मजदूरी करे। उनका सपना है कि उनका बेटा पढ़–लिखकर एक दिन अफसर बने, समाज में सम्मान कमाए और उनके परिवार का नाम रोशन करे। संजय के पिता की कहानी हर उस माता–पिता की कहानी है, जो अपनी सीमित परिस्थितियों में भी अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की उम्मीद संजोए रखते हैं। सुबह तड़के मंडी में सब्जियों के बोरे उठाने से लेकर देर रात तक मेहनत करने वाले संजय के पिता का जीवन आसान नहीं है। लेकिन उनकी आंखों में अपने बेटे के लिए एक चमक है, जो कहती है कि मेहनत और लगन से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। संजय भी अपने पिता के इस सपने को समझता है। स्कूल में वह मेहनत से पढ़ाई करता है। उसका पसंदीदा विषय विज्ञान है, और वह कहता है, ''मैं बड़ा होकर वैज्ञानिक बनना चाहता हूँ, ताकि अपने पिता को गर्व महसूस हो।'' संजय की स्कूल की शिक्षिका बताती हैं कि वह एक होनहार और जिज्ञासु बच्चा है, जो हमेशा नई चीजें सीखने को उत्सुक रहता है। लेकिन संजय का रास्ता आसान नहीं है। आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी उसके सपनों के बीच दीवार बनकर खड़ी है। फिर भी, संजय और उसके पिता का हौसला कभी नहीं डगमगाता। समाज और सरकार को ऐसे बच्चों के लिए आगे आना होगा। मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, और बेहतर स्कूल सुविधाएं संजय जैसे बच्चों के सपनों को पंख दे सकती हैं। संजय के पिता का विश्वास हमें सिखाता है कि शिक्षा ही वह चाबी है, जो गरीबी और मजदूरी के ताले को खोल सकती है।

**मजदूरों के 1 बच्चे की शिक्षा सौजन्य सहयोग रु. 6000/- प्रति वर्ष**

# उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल – लोनी ( गजियाबाद )

## अन्तर्गत : तारा संस्थान – उदयपुर ( राज. )

जो एकल माताओं (जिनके पति की मृत्यु हो गई है या जो अपने पति से अलग रह रही है) के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था करता है एवं साथ ही निर्धन परिवार के बच्चों के लिए आंशिक शुल्क के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की व्यवस्था करता है।



## दीपांशु और प्राची की मार्मिक कहानी



कुछ कहानियाँ दिल को भीतर तक छू जाती हैं – ऐसी कहानियाँ जिनमें दुख, संघर्ष और आशा एक साथ सांस लेते हैं। दीपांशु और प्राची की कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जो न केवल हमारे समाज की सच्चाई को उजागर करती है, बल्कि यह भी बताती है कि मानवता और सहयोग आज भी जीवित है। दीपांशु अभी केवल दो वर्ष का ही था और उसकी छोटी बहन प्राची महज़ पाँच महीने की, जब उनके पिता का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इस दुःख से परिवार उबर भी नहीं पाया था कि सिर्फ एक महीने बाद एक घरेलू दुर्घटना में उनकी माँ ने भी इस दुनिया को अलविदा कह दिया। एक ही झटके में बच्चों का जीवन बदल गया। वे अनाथ हो गए। अब उनकी देखभाल का भार पूरी तरह से उनके बुज़ुर्ग दादा–दादी पर आ गया। दादी, उम्र के इस पड़ाव पर, लोगों के घरों में झाड़ू–पोछा और बर्तन धोने का काम कर रहीं हैं ताकि बच्चों का पालन–पोषण किसी तरह हो सके। दादा की सेहत ठीक नहीं रहती, इसलिए वे कोई काम नहीं कर पाते। एक छोटे से घर और बेहद सीमित संसाधनों में यह परिवार रोज़ जीवन की बुनियादी ज़रूरतों के लिए संघर्ष करता है। इतने कठिन हालात में, जब शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकता भी एक सपना बन चुकी थी, तब उन्हें तारा संस्थान द्वारा संचालित 'उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल' के बारे में पता चला। यह जानकर कि इस स्कूल में निशुल्क शिक्षा, पुस्तकें, यूनिफॉर्म जैसी सुविधाएं दी जाती हैं, दादी ने तुरंत अपने पोते–पोती का यहां दाखिला करवाया, जहाँ दीपांशु पहली कक्षा में और प्राची UKG में पढ़ रही है। पहले वे एक प्राइवेट स्कूल में बच्चों को भेज रही थीं, लेकिन वहाँ की फीस और अन्य खर्च उठाना उनके लिए असंभव होता जा रहा था। अब उन्हें न केवल आर्थिक राहत मिली है, बल्कि बच्चों के उज्जवल भविष्य की एक सच्ची उम्मीद भी। आज दीपांशु और प्राची नियमित रूप से स्कूल जाते हैं, हँसते हैं, खेलते हैं और सपनों को आकार देते हैं। स्कूल की शिक्षिकाएँ इन बच्चों को विशेष स्नेह और देखभाल के साथ पढ़ाती हैं। यह सिर्फ शिक्षा नहीं है, यह जीवन को फिर से संवारने की शुरुआत है।

**एकल माताओं के बच्चों के लिए दान राशि 12,000/- प्रतिवर्ष एक बालक / बालिका के लिए पूर्णतया निःशुल्क**
**निर्धन परिवार के बच्चों के लिए 6000/- प्रतिवर्ष एक बालक / बालिका**



ऐसे काम करो जिससे लोगों को लगे कि आपको जीतने की आदत है




# वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण की ओर एक प्रभावी कदम – जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह कार्यशाला न केवल वृद्धजन हितैषी योजनाओं की जानकारी देने हेतु मंच बनी, बल्कि एक ऐसा संवाद का अवसर भी रहा जहाँ वरिष्ठ नागरिकों की चुनौतियों, आवश्यकताओं और अधिकारों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, और वरिष्ठ नागरिक प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा, मानसिक सहयोग, कानूनी सहायता और सामाजिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध सरकारी योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजना, वरिष्ठ नागरिक कार्ड, स्वास्थ्य बीमा योजना आदि की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में तारा संस्थान द्वारा संचालित आनंद वृद्धाश्रम और अन्य सेवा योजनाओं की भूमिका को भी विस्तार से साझा किया गया, जिससे स्पष्ट हुआ कि समाज में वृद्धजनों के लिए करुणा, सम्मान और समर्थन सुनिश्चित करना केवल नीति नहीं, हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस कार्यशाला ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि समाज, प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाएँ एकजुट होकर कार्य करें, तो वृद्धजनों के जीवन को गरिमा और आत्मसम्मान के साथ जीने योग्य बनाया जा सकता है।



बुजुर्गों को पुलिस प्रशासन से सम्बंधित जानकारी देते हुए उदयपुर के एडिशनल एस. पी. श्री हितेश मेहता



श्रीमान ताराचंद जी जैन – विधायक (उदयपुर, शहर ) को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए तारा संस्थान की संस्थपक एवं अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल, संस्थापक एवं सचिव दीपेश मित्तल एवं श्री गिरीश भटनागर (सयुंक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उदयपुर)

# योग से जीवन में नवचेतना – आनंद वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस









अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर, तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यह आयोजन 21 जून की प्रातः वेला में शुद्ध और शांत वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें वृद्धाश्रम के सभी निवासी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में वरिष्ठजनों ने अपने स्वास्थ्य और क्षमता के अनुरूप सहज आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। अभ्यास की शुरुआत 'ओम' ध्वनि और शांति पाठ के साथ हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। ताड़ासन, भ्रामरी और अनुलोम–विलोम जैसे सरल किन्तु प्रभावशाली योगाभ्यासों को विशेष रूप से शामिल किया गया। वृद्धजनों के चेहरों पर संतोष और प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी। कई निवासियों ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नियमित योग से उन्हें बेहतर नींद, स्फूर्ति और मानसिक शांति प्राप्त हो रही है। इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ योगाभ्यास नहीं था, बल्कि यह जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मिक संतुलन का संदेश भी था। तारा संस्थान का यह प्रयास वृद्धावस्था को भी सक्रिय, सम्मानजनक और आनंदमय बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।



बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे सोचो विचारों पर किसी का अधिकार नहीं है – धीरूभाई अंबानी

**15-05-2025**

### 14वें स्थापना दिवस का साक्षी बनने हेतु तारा संस्थान का सादर निमंत्रण



तारा संस्थान के वृद्धाश्रम के 14 वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिड़ला जी को निमंत्रण देते तारा संस्थान दिल्ली के संरक्षक श्री सत्यभूषण जैन एवं तारा के अन्य प्रतिनिधि।

**20-05-2025**

### भजन संध्या : सुरों में सजी आत्मीयता की शाम



आनंद वृद्धाश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों के लिए प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। यह संध्या किसी कार्यक्रम से कहीं बढ़कर एक आत्मीय अनुभव बन चुकी है कृ जहाँ बुजुर्ग अपने पसंदीदा भजनों को सुरों में ढालकर सुनाते हैं और श्रोताओं के दिलों को छूते हैं। यह छोटी–सी पहल उन्हें अकेलेपन से बाहर निकालते हुए, सामूहिक ऊर्जा और सुकून से भर देती है।

**17-05-2025**

### स्नेहमिलन एवं सम्मान समारोह



तारा संस्थान ,उदयपुर द्वारा मुमुक्षु भवन, वाराणसी में दिनांक 6 मई 2025 को संगीतमय स्नेहमिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

**17 & 18-05-2025**

### चंदीसर (गुज.) में तारा संस्थान द्वारा नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन




तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा गुजरात के पालनपुर जिले के चंदीसर गांव में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित समुदाय के लोगों को आँखों की नियमित जांच एवं प्राथमिक नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था।

**01-06-2025**

### शिखार भार्गव स्कूल का शानदार प्रदर्शन – कक्षा पांचवी और आठवीं में 100 : परिणाम



शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए तारा संस्थान द्वारा संचालित शिखर भार्गव स्कूल ने कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जिसमें छात्रों ने प्रथम श्रेणी एवं विशेष अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**05-06-2025**

### केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष का मुमुक्षु भवन विजिट



केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया जी अपने कार्यालय के सदस्यों के साथ तारा संस्थान द्वारा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में संचालित मुमुक्षु भवन के दौरे पर आए। यहाँ के बुजुर्गों से उनके हालचाल जाने और सभी आवासियों को उपहार भेंट किये।

## News in Brief : 2

**05-06-2025** — **तारा संस्थान और एस.बी.आई. फाउंडेशन द्वारा वीरवाडा में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर**



गर्मियों की तपती दोपहर में जब सूरज की किरणें तीव्रता से धरती को झुलसाने लगती हैं, तब एक घूंट ठंडा पानी न केवल शरीर को राहत देता है, बल्कि मन को भी सुकून पहुंचाता है। इसी भावना को जीवंत करते हुए तारा संस्थान ने इस भीषण गर्मी के मौसम में देशभर के अपने सभी केंद्रों पर नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था की है।

**06-06-2025** — **निर्जला एकादशी पर मस्ती की पाठशाला में भोजन वितरण**



निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर मस्ती की पाठशाला के बच्चों के लिए एक दानदाता द्वारा भोजन का आयोजन किया गया। इस नेक पहल से बच्चों को स्वादिष्ट भोजन प्राप्त हुआ, जिससे उनके चेहरों पर खुशी झलक रही थी।

**08-06-2025** — **आदर की अभिव्यक्ति – वरिष्ठजन सम्मान समारोह**



जून माह में तारा संस्थान द्वारा जयपुर के मंगलम आनन्दा क्लब के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर क्लब के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सदस्यों को उनकी सामाजिक सक्रियता, अनुभव और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि उम्र के इस पड़ाव पर भी जीवन में गरिमा और समाज की ओर से आदर की आवश्यकता बनी रहती है।

**05-06-2025** — **विश्व पर्यावरण दिवस – प्रकृति संग बचपन की मुस्कान**



विश्व पर्यावरण दिवस पर मस्ती की पाठशाला के बच्चों ने पौधारोपण कर बढ़ाया हरियाली का संदेश। इनके छोटे हाथों में है बड़े बदलाव की ताकत।

**06-06-2025** — **निर्जला एकादशी पर विशेष भोजन आयोजन**



निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर तारा संस्थान के सभी वृद्धाश्रमों में विशेष भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के दानदाताओं के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें सभी बुजुर्गों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया।

**11-06-2025** — **तारा नेत्रालय, फरीदाबाद में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन**



तारा संस्थान के फरीदाबाद स्थित तारा नेत्रालय में देवलोक ट्रस्ट और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायाधीश रीतू यादव, सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद ने किया।



एक अच्छा दिमाग और एक अच्छा दिल हमेशा से विजयी जोड़ी रहे है – नेलसन मंडेला

# News in Brief : 3

## 15-06-2025 वृद्धाश्रम में मासिक मेडिकल जाँच का आयोजन



तारा संस्थान के सभी वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत नियमित मासिक मेडिकल जाँच शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक बुजुर्ग की स्वास्थ्य स्थिति की जाँच की गई और आवश्यक परामर्श व दवाएँ भी उपलब्ध करवाई गईं। यह सतत पहल बुजुर्गों के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 15-06-2025 विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस



जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उदयपुर के साथ सयुंक्त तत्वाधान में तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम में विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## 25-06-2025 वृद्धाश्रम आवासियों के लिए हेल्थ टॉक शो का आयोजन



तारा संस्थान के उदयपुर के वृद्धाश्रम आवासियों के लिए हेल्थ टॉक शो का आयोजन किया गया। जिसमें पेसिफिक मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर आए, जिनको तारा संस्थान के वृद्धाश्रम आवासीय बुजुर्गों ने अपनी सेहत से सम्बंधित समस्याओं के बारे में बताया जिसे सुनकर डॉक्टर द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।

## 27-06-2025 मस्ती की पाठ्शाला में गूंजे जय जगन्नाथ के स्वर



मस्ती की पाठशाला के बच्चों ने अपने स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि बच्चों के मन में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जुड़ाव भी बढ़ाया। विद्यालय परिसर आनंद और भक्ति से सराबोर हो उठा।

## 28-06-2025 वृद्धाश्रम में नई मुस्कानों का स्वागत




इस माह वृद्धाश्रम में आए नए आवासियों के साथ एक आत्मीय मीटिंग का आयोजन हुआ। संस्थान की संस्थापक एवं अध्यक्ष कल्पना गोयल ने जी ने सभी से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया, उनका हालचाल जाना और उन्हें आश्रय की इस नई यात्रा के लिए अपनापन और भरोसा प्रदान किया।

## 29-06-2025 चित्तौड़गढ़ में वरिष्ठजन सम्मान समारोह



श्री महावीर जैन मंडल संस्थान, चित्तौड़गढ़ और तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वरिष्ठजन सम्मान समारोह में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का ससम्मान अभिनंदन किया गया।

**नेत्रालय मासिक अपडेट्स :**

# मोतियाबिन्द जाँच - ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

तारा संस्थान निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी (गाजियाबाद) स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

## दानदाताओं के सौजन्य से माह मई से जून, 2025 में आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण

**अन्य दानदाताओं के सौजन्य से देशभर में आयोजित शिविर : भार्गव साहब - दिल्ली, चेतना इंडिया, अहमदाबाद, डीबीसीएस, ईसीजीसी, जैन धर्मार्थ अस्पताल - नासिक, श्री जितेंद्र नंदा, श्री कैलाश चन्द्र गोयल, कमल मॉडल पब्लिक स्कूल - दिल्ली, मालाश्री फाउंडेशन - दिल्ली, एनपीसीबी, पिनेकल कैपिटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड - गुड़गाँव, प्रधान हार्डवेयर - लोनी, श्रीमती सुषमा - सत्यभूषण जैन - दिल्ली, एसबीआई फाउंडेशन, श्री चिरंजी लाल जैन - पंजाब**





## पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना : 8000 रुपये

तारा संस्थान, उदयपुर की यह विशेष पहल उन परिवारों के लिए समर्पित है जो अपने दिवंगत परिजनों की पुण्यतिथि पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहते हैं। इस योजना के अंतर्गत, परिवारजन 8,000 रुपये का योगदान देकर संस्थान के वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के लिए भोजन सेवा का आयोजन कर सकते हैं। इस पावन अवसर पर दिवंगत आत्मा की तस्वीर प्रदर्शित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे, जिससे उनकी यादें और आशीर्वाद इस कार्य के माध्यम से जीवित रहेंगी। यह एक अद्वितीय अवसर है अपने प्रियजन की स्मृति को सेवा और मानवता के रूप में सम्मानित करने का।

## हार्दिक श्रद्धांजलि

**तारा संस्थान के इन दानदाताओं का स्वर्गवास हो गया। तारा संस्थान की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि।**
**हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति व उनके परिवार को सम्बल प्रदान करें।**



स्व. श्रीमती सुलोचना देवी जी नई दिल्ली



स्व. श्रीमती मनोरमा बाई जी



स्व. श्रीमती सुलोचना जी गुप्ता नोएडा



स्व. श्री सुरेश चंद्र जी अग्रवाल गाजियाबाद



स्व. श्री हरजीत सिंह जी कलसी लुधियाना ( पंजाब )



स्व. श्री लादूलाल जी खूंटेटाँ



स्व. श्रीमती विमला देवी जी अलवर ( राज. )

आदरणीय,

आपने वित्तीय वर्ष 2025-2026 में तारा संस्थान में दान देकर कई जरूरतमंद व्यक्तियों को राहत पहुँचाई। आपका अनेक धन्यवाद। अतः आपसे निवेदन है कि INCOME TAX के नियमानुसार यदि आप TAX में छूट चाहते हैं तो आपका PAN NO. संस्थान को देना जरूरी है। इसे हम अपने INCOME TAX RETURN के 10 BD में सूचित करेंगे तो ही आपको छूट मिलेगी। यदि आप छूट ना भी लेना चाहें तो आप निम्न में से कोई भी ID दे देवें।

**• VOTER ID • AADHAR CARD • RASHAN CARD • PASSPORT •**

यह भारत सरकार के नियमानुसार अनिवार्य है। कृपया आप इस व्हाट्सएप्प नम्बर 9549399993 पर सूचित करावें।

आदर सहित....!

**कल्पना गोयल**



शब्द ही जीवन को अर्थ दे जाते है, और, शब्द ही जीवन में अनर्थ कर जाते है

## ‘तारा परिवार का सौभाग्य है कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया’



श्री जीतो प्रसाद जैन
दिल्ली

श्री भुपेन्द्र मोग्गो
दिल्ली

श्रीमती उर्मिला चौबीसा
उदयपुर

श्री लक्ष्मी नारायण राठी
सूरत (गुज.)

श्री रामेश्वर कैलाश अग्रवाल
हैदराबाद

श्री सत्यपाल जी
कोटा (राज.)

श्री ओमप्रकाश झावर
कोटा (राज.)

श्रीमती प्रेमलता पौद्दार
हैदराबाद



श्री प्रताप राय खटुजा
रायपुर (छ.ग.)

श्री सुरेन्द्र नाथ गुप्ता
बरेली (उ.प्र.)

श्रीमती प्रेम कुमारी
रोपर (पंजाब)

श्री हरिश जी
लुधियाना (पंजाब)

श्री साहूकार सिंह रावत
देहरादून (उ.ख.)

श्री कैलाशपति केडिया
अहमदाबाद (गुज.)

श्री सत्यपाल सैनी
मेरठ (उ.प्र.)

श्री बालदाऊ प्रसाद तिवारी
बिलासपुर (छ.ग.)



श्री अंकित जैन
लुधियाना (पंजाब)

श्री एम.आर. गुप्ता
चित्तौड़गढ़ (राज.)

श्री के.सी. गुप्ता
जयपुर (राज.)

श्री तीरथदास रोचवानी
अलवर (राज.)

श्री पंकज कुमार मित्तल
मेरठ (उ.प्र.)

श्री संजय जैन
लुधियाना (पंजाब)

श्रीमती मधुबाला शर्मा
होशियारपुर (पंजाब)

डॉ. सुधीर कुमार जैन
मेरठ (उ.प्र.)



श्री पी.के. सक्सेना
मेरठ (उ.प्र.)

श्री मुकुल टंडन
कानपुर (उ.प्र.)

श्री इन्द्र कुमार सेखरी
मेरठ (उ.प्र.)

श्री निवास जैन
मेरठ (उ.प्र.)

श्री कैलाश अग्रवाल
दिल्ली

श्री नानूराम गोयल
दिल्ली

श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल
कोटा (राज.)

श्री गणेश प्रसाद अग्रवाल
लखनऊ (उ.प्र.)



श्री शम्भू सिंह सोलंकी
कोटा (राज.)

श्री सत्यपाल गोयल
पटियाला (पंजाब)

श्री शिव मोहन गुप्ता
पटियाला (पंजाब)

श्री सुरेन्द्र नाथ अग्रवाल
लखनऊ (उ.प्र.)

श्री हरिकृष्ण अग्रवाल
लखनऊ (उ.प्र.)

श्री राकेश मोहन गोयल
मुरादनगर, गाजियाबाद

श्री शक्ति सिंह जायसवाल
उना (हि.प्र.)

श्री अंकुश जैन
जबलपुर (म.प्र.)



श्रीमती सरस्वती चन्दा
जोधपुर (राज.)

श्री जितेन्द्र अरोड़ा
जयपुर (राज.)

श्री चन्द्रभान रतन चंदानी
जयपुर (राज.)

श्री गुरु प्रसाद वर्मा
दिल्ली

श्री सुदर्शन देव वर्मा
जयपुर (राज.)

श्री सत्यनारायण उपाध्याय
सूरत (गुज.)

श्री श्यामसुन्दर धवन
जालन्धर (पंजाब)

श्रीमती लीला देवी
जालन्धर (पंजाब)



श्री अमोलक चन्द जैन
जयपुर (राज.)

श्री प्रवीण भाई
मोरबी (गुज.)

श्रीमती रिता अरोड़ा
गुड़गाँव

श्री अशोक पी. वैष्णवी
राजकोट (गुज.)

श्रीमती शीला देवी जी
प्रताप विहार, गाजियाबाद

श्रीमती शकुंतला देवी
चण्डीगढ़

श्रीमती कैलाश जेटवानी
चण्डीगढ़

श्री आनन्द गोपाल जी
दुबई

**जितने वाले कुछ अलग चीज़े नहीं करते बस वो चीज़ो को अलग तरीके से करते हैं**

# ‘तारा परिवार का सौभाग्य है कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया’


मास्टर तृषा
जयपुर


मास्टर विराज
जयपुर


श्री विवेक हुरिया
दुबई


श्रीमती प्रमिला भाटिया
श्रीनाथ मंदिर ट्रस्टी, मुम्बई


श्री अतुल जी
इन्दौर ( म.प्र. )


श्री सुरेश कुमार चुड़गर
इन्दौर ( म.प्र. )


श्री दिनेश जैन ( देवा बैजा )
बेमेतरा ( छ.ग. )


श्री प्रेम प्रेमचन्द अग्रवाल
( भाटापारा ), बलोदा बाजार ( छ.ग. )


श्री श्यामसुन्दर टेकरीवाल
गोरखपुर


श्री सुरेश कुमार टिबरेवाल
गोरखपुर


श्री गोपाल कुमावत
मन्दसौर ( म.प्र. )


श्री कन्हैयालाल चुगवानी
नीमच ( म.प्र. )


श्री आर.के. जैन
हरिद्वार


श्री जे.पी. गौतम
जयपुर ( राज. )


श्री मदूल कोचर
कांगरा ( हि.प्र. )


श्री जोगिन्दर पाल जी
लुधियाना ( पंजाब )


श्री लाला आशाराम जी
दिल्ली


श्री राम शंकर जी
लखनऊ ( उ.प्र. )


श्री किशोर जिज्ञासी
नीमच ( म.प्र. )




श्री भज्जाराम डांगी
खोखरवास ( भटेवर )


श्री रमेश कुमार भार्गव
बड़ौदा ( गुज. )


श्रीमती पुष्पा जोशी
पटियाला ( पंजाब )


श्रीमती नीरा शर्मा
नोएडा ( उ.प्र. )


श्री जी.के. श्रीवास्तव
लखनऊ ( उ.प्र. )


श्री आशुतोष अग्रवाल
यू.एस.ए.


श्री सरोज कुमार जैसलमेरिया
जोधपुर ( राज. )


श्री कनुभाई जी
बड़ौदा ( गुज. )


श्रीमती निर्मल शर्मा
मोगा ( पंजाब )


श्री नारायण दास डमनानी
सूरत ( गुज. )


कमल करियर
जयपुर ( राज. )


श्री राजेश भाई शाह
अहमदाबाद ( गुज. )


श्री गोपाल कृष्ण एवं श्रीमती श्रेष्ठा महाजन
पठानकोट ( पंजाब )

श्री अनुराग जैन, अंकिता जैन, अलका जैन
कानपुर ( उ.प्र. )

श्रीमती हरदेवी शर्मा धर्मपत्नी श्री आर.के. शर्मा
नोएडा ( उ.प्र. )

श्री सुरेश दत्त एवं श्रीमती अंजली दत्त शर्मा
रुड़की ( उख. )


श्री रामपाल सिंह चौधरी सपरिवार एवं
श्रीमती प्रकाशवती जी ( 106 वर्ष ), गाजियाबाद

श्री राधेश्याम भारतीय, श्रीमती शकुंतला शर्मा एवं
सुश्री ऐलिस

श्रीमती एवं श्री राम चन्द्र जी
राजकोट ( गुज. )

श्री मोहनलाल जैन - श्रीमती ममता जैन
दादरी, गाजियाबाद ( उ.प्र. )


श्री निरंजन देव, श्रीमती विनय लक्ष्मी शर्मा एवं
विधि शर्मा, जयपुर

श्रीमती एवं श्री संजीव कुमार जी
चण्डीगढ़

श्रीमती एवं श्री वीरेन्द्र कुमार ठाकुर
चण्डीगढ़

श्री घनश्याम गर्ग, श्री महावीर शंकर गर्ग एवं
शालीन गोयल, जयपुर



यदि मंज़िल न मिले तो रास्ते बदलो ! क्योंकि वृक्ष अपनी पत्तियाँ बदलते हैं जड़े नहीं

## AREA SPECIFIC TARA SADHAKS CONTACT NUMBER LIST

| | | |
|---|---|---|
| **Area Delhi**<br>Cell : 7821855747 | **Area Delhi**<br>Cell : 7821055717 | **Area Delhi**<br>Cell : 7821855741 |
| **Area Mumbai**<br>Cell : 7821855738 | **Area Mumbai**<br>Cell : 7821855751 | **Area Jaipur (Raj.)**<br>Cell : 9983560006 |
| **Area Lucknow (UP)**<br>Cell : 9358300777 | **Area Punjab**<br>Cell : 7821055718 | **Area Jodhpur, Kanpur**<br>Cell : 9001324709 |
| **Area Surat (Guj.)**<br>Cell : 7821855726 | **Area Hyderabad**<br>Cell : 7821855746 | **Area Noida, Ghaziabad**<br>Cell : 7821855750 |
| **Area Chandigarh (HR)**<br>Cell : 7821855756 | **Area Nagpur, Pune**<br>Cell : 7821855736 | **Area Karnatak**<br>Cell : 7230066286 |
| **Area Gurgaon, Faridabad**<br>Cell : 7821855758 | **Area Raipur, Durg, Bilaspur (C.G.), Patna (Bihar)**<br>Cell : 8696696345 | |
| **Area Uttarakhand**<br>Cell : 7229852227 | **Area Ahmedabad (Guj.), Ratlam, Mandsaur, Neemuch (MP)** Cell : 7821855745 | |

## TARA SANSTHAN BANK ACCOUNTS

ICICI Bank (Madhuban) . . A/c No. 004501021965 . . . . . . . IFSC Code : ICIC0000045
State Bank of India . . . . A/c No. 31840870750 . . . . . . . . IFSC Code : SBIN0011406
IDBI Bank . . . . . . . . . . . . . A/c No. 1166104000009645 . IFSC Code : IBKL0001166
Axis Bank . . . . . . . . . . . . . A/c No. 912010025408491 . . . IFSC Code : UTIB0000097
HDFC Bank . . . . . . . . . . . . A/c No. 12731450000426 . . . . IFSC Code : HDFC0001273
Canara Bank . . . . . . . . . . A/c No. 0169101056462 . . . . . IFSC Code : CNRB0000169
Central Bank of India . A/c No. 3309973967 . . . . . . . . . IFSC Code : CBIN0283505
Punjab National Bank . A/c No. 8743000100004834 . IFSC Code : PUNB0874300
Bank of Baroda . . . . . . . A/c No. 30250100014174 . . . . IFSC Code : BARB0HIRANM

## DONORS KINDLY NOTE

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers, Kindly inform us at Mobile No. **09549399993 and / or 09649399993**

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to **"TARA SANSTHAN"** may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

## HUMANITARIAN ENDEAVORS OF TARA SANSTHAN

**Shri Sachin Bhatia Eye Hospital - Udaipur (Under Tara Sansthan, Udaipur)**
236, Hiran Magari, Sector 6, Udaipur (Raj.)-313002, Mob. No. 7821855749

**Nirmala Devi Goyal Charitable Eye Hospital - Delhi (Under Tara Netralaya, Delhi)**
371, Main Najafgarh Road, Opposite Metro Pillar No. 724, Nawada, Uttam Nagar, New Delhi-110059
Mob. No. 9560626661

**Tara Netralaya - Mumbai**
2nd Floor, Sneh Crown, Near Apna Ghar Phase - 3, Kala Silk, Silvar Sarita, Meera Village, Kashimira, Thane-401107 (Maharashtra)
Mob. No. 7821855748, 9529285557

**Tara Netralaya - Faridabad**
3 E / 12 & 13, Bungalow Plot, Pulia No. 3, Masjid Road, Near Church, Main Road, N.I.T. 3, Faridabad (HR)
Mob. No. 7821855758

**Tara Netralaya - Loni**
Pt. Munshilal-Draupadi Devi Free Eye Hospital
Plot No: 78-79, Shiv Vihar Coloney, Near Mokshdham Mandir, Chirodi Road, Banthla Loni, Gaziabad-201102 (U. P.)
Mob. No. 7821855757

**Smt. Krishna Sharma Anand Vruddhashram - Udaipur**
#344/345, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. No. 7821055720

**Maa Draupadi Devi Anand Vruddhashram - Udaipur**
#351/352, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. No. 9773385330

**Tara Sansthan Rajkiya Vruddhashram - Balicha**
100ft. Road, Om Banna Road, Opp. Hyundai Show Room, South Extension, Balicha, Udaipur 313001
Mob. No. 7229852229

**Ravindra Nath Gaur Anand Vruddhashram - Prayagraj**
25/39, L.I.C. Colony, Tagor Town, Prayagraj - 211002 (U.P.), Mob. No. 7821855755

**Mumukshu Bhawan - Varanasi**
Ganga Ghat Gate No. 1, Near Neelkanth Temple, Kashi Vishvanath Corridor, Varanasi (U.P.)
Mob. No. 7230073331

**Shikhar Bhargava Public School - Udaipur**
H.O. Bypass Road, Gokul Village, Sector - 9, Udaipur - 313002 (Raj.), Mob. No. 9636016973

**Uma Rani Goyal Public School - Loni**
Plot No. 24A, Ram Vihar Colony, Loni, Ghaziabad (U.P.)
Mob. No. 9549399993

**Masti Ki Pathshala - Udaipur**
68, Satyadev Colony 2, Sector 9, Kachi Basti, Savina, Udaipur (Raj.), Mob. No. 9829652908

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, मई - जून 2025
प्रेषण तिथि : 11-17 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर
समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2021-2023
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

## तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग - सौजन्य राशि

### सहयोग राशि

आजीवन विशिष्ठ संरक्षक 51000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 3 मोतियाबिन्द ऑपरेशन

आजीवन संरक्षक 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन

आजीवन सदस्य 11000 रु.

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 59500 रु., 9 ऑपरेशन - 31500 रु., 6 ऑपरेशन - 21000 रु., 3 ऑपरेशन - 10500 रु., 1 ऑपरेशन - 3500 रु.

### अन्नदान योजना ( तृप्ति ) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री

1 वर्ष - 18000 रु., 6 माह - 9000 रु., 1 माह - 1500 रु.

### विधवा मासिक पेंशन ( गौरी ) प्रति विधवा

1 वर्ष - 12000 रु., 6 माह - 6000 रु., 1 माह - 1000 रु.

### आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग )

1 वर्ष - 60000 रु., 6 माह - 30000 रु., 1 माह - 5000 रु.

### वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन

4000 रु. ( एक समय / प्रतियूनिट )

### पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना

8000 रु.

### मस्ती की पाठशाला

वार्षिक शिक्षा 6000 रु. एवं भोजन 3000 रु. ( 60 बच्चे / 1 समय )

### उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल, लोनी ( गाजियाबाद )

12000 रु. प्रति विद्यार्थी वार्षिक शिक्षण सहयोग

काशी विश्वनाथ में 50 निर्धनों को भोजन दान 2100 रु.

निवेदन : कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, अथवा : अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

**ICICI BANK (MADHUBAN)**
A/c No. 004501021965 IFSC Code : ICIC0000045

**STATE BANK OF INDIA**
A/c No. 31840870750 IFSC Code : SBIN0011406

**AXIS BANK**
A/c No. 912010025408491 IFSC Code : UTIB0000097

**HDFC**
A/c No. 12731450000426 IFSC Code : HDFC0001273

**PUNJAB NATIONAL BANK**
A/c No. 8743000100004834 IFSC Code : PUNB0874300

**BANK OF BARODA**
A/c No. 30250100014174 IFSC Code : BARB0HIRANM

**PAN CARD NO. TARA - AABTT8858J**

मोबाइल से स्कैन कर हाथों हाथ सहयोग भेजें।

| Paytm | Google Pay | PhonePe |
|---|---|---|
| 9549399993 | 7821855724 | 7821855724 |

**FOLLOW US**

www.instagram.com/tarasansthan
www.facebook.com/TaraSansthan
www.youtube.com/@TaraSansthanNGO
www.x.com/sansthantara
www.linkedin.com/company/tara-sansthan

काशी विश्वनाथ कोरीडोर में तारा संस्थान द्वारा संचालित मुमुक्षु भवन के बुजुर्गों के एक समय के भोजन हेतु दान सहयोग राशी 3100 रु.

TARA SANSTHAN
तारा संस्थान
+91 9549399993
+91 9649399993

बुक पोस्ट

डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org, Website : www.tarasansthan.org